त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिली आई0पी0एस0 पर्वतारोही अपर्णा

लखनऊ 16 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में महिला आई0पी0एस0 पर्वतारोही श्रीमती अर्पणा कुमार (2002 बैच) ने अपने पति श्री संजय कुमार जिलाधिकारी इलाहाबाद के साथ सपरिवार भेंट की। राज्यपाल ने श्रीमती अपर्णा कुमार के हौसले और जज्बें को देखते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

श्रीमती अपर्णा ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउण्ट एवरेस्ट पर 2016 में तिरंगा तथा उत्तर प्रदेश पुलिस के ध्वज को लहराकर देश एवं प्रदेश का मान बढ़ाया। अब तक वे 6 महाद्वीपों की ऊंची चोटियों पर पहुंचने में सफलता प्राप्त कर चुकी है। शीघ्र ही वे अमेरिका में स्थित माउण्ट देनाली पर भी जायेंगी। इससे पूर्व राज्य सरकार द्वारा उन्हें 'लक्ष्मीबाई पुरस्कार', 'डी0जी0पी0 कमण्डेशन डिस्क' और 'यश भारती' पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

श्री नाईक ने उन्हें 'बर्ड्स आफ राजभवन उत्तर प्रदेश' एवं 'बर्ड्स आफ उत्तर प्रदेश' की प्रति भी भेंट की। उल्लेखनीय है कि श्री संजय कुमार द्वारा पुस्तक बर्ड्स आफ उत्तर प्रदेश के कवर पेज की फोटो डिजाइन की गयी है।

अंजुम/ललित/राजभवन (290/20)